# “निरीक्षण प्रश्नावली एवं राजभाषा निगरानी पंजिका उचित प्रविष्टि”


दिनांक 10 एवं 11 अगस्त, 2026 को भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय द्वारा **‘निरीक्षण प्रश्नावली एवं राजभाषा निगरानी पंजिका में उचित प्रविष्टि’** विषय पर मुख्यालय के सभी निदेशालयों/कार्यालयों/प्रभागों हेतु दो दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को निरीक्षण प्रश्नावली के प्रमुख बिंदुओं की स्लाइड शो के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई, तथा निरीक्षण प्रश्नावली को सही एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भरने की विधि समझाई गई, साथ ही प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिवस राजभाषा निगरानी पंजिका के बारे भी स्लाइड शो के माध्यम से बिन्दुवार जानकारी दी गई तथा पंजिका में की जाने वाली प्रविष्टियों की प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों को निरीक्षण प्रश्नावली एवं राजभाषा निगरानी पंजिका को निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप विधिवत भरने तथा अद्यतन रखने की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने संसदीय राजभाषा निरीक्षण के दौरान उक्त दस्तावेज को समिति सम्मुख प्रस्तुत करने संबंधी जानकारी तथा निरीक्षण के दौरान जांच किए जाने वाले प्रमुख बिंदुओं के बारे में सभी को अवगत कराया।

## कार्यशाला की कुछ झलकियां









1- डायरी रजिस्टर तत्काल द्विभाषी करें जिसमें हिंदी
2- वर्तमान डायरी रजिस्टर के उस कॉलम में जहां
निम्नलिखित अंकित करें:
2.1 क्षेत्र - क, ख, ग
2.2 कार्यालय - केंद्र सरकार, बैंक, उपक्रम आदि/
3- निस्तारण (डिस्पोजल) के कॉलम में निम्नलिखित
3.1 उत्तर हिंदी में/अंग्रेजी में/पावती/आपेक्षित नहीं/
4- एक माह के उपरांत अगले माह की प्रथम तिथि की
A. Details of Letters Received (Every Mont
This will include particulars of correspondenc
entries in the Diary Register.
1- The Diary Register must be made biling
2- In the relevant column of the current di
the received correspondence, the follow
2.1 Region – A, B, C
2.2 Office – Central Govt., Bank, Under



